# 25वां राष्ट्रीय दिव्य कला मेला 21 से उदयपुर में

**उदयपुर,** । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के भारत सरकार के विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण विभाग (दिव्यांगजन) की ओर से राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम का 25वां राष्ट्रीय दिव्य कला मेला 21 से 30 मार्च तक उदयपुर के नगर निगम टाउन हॉल परिसर में आयोजित होगा।

राजस्थान में दूसरी बार और उदयपुर में पहली बार होने जा रहे अपनी तरह के इस अनूठे आयोजन को लेकर राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम के सीएमडी श्री नवीन शाह ने गुरूवार को जिला परिषद सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि दिव्य कला मेले का शुभारंभ 21 मार्च शुक्रवार शाम 4 बजे राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ किशनराव बागड़े करेंगे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले भी बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। शाह ने बताया कि 10 दिवसीय मेले में देश भर के दिव्यांग उद्यमियों/कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को प्रदर्शित किया जाएगा। मेले का समय सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा तथा प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क रहेगा। सीएमडी शाह ने बताया कि दिव्य कला मेला दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) के उत्पादों और कौशल के विपणन और प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रस्तुत करता है। इसमें देश के 20 से राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 100 से अधिक दिव्यांग उद्यमी और कलाकारों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई के काम और पैकेज्ड फूड सहित देश के विभिन्न हिस्सों के जीवंत उत्पाद एक साथ प्रदर्शित किए जाएंगे।

## पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता

**उदयपुर,** । जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के तत्वाधान में लव कुश इनडोर स्टेडियम में 13 वीं उदयपुर जिला जूनियर , सब - जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई । प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में स्ट्रांग मेन का खिताब विशाल प्रजापत को ,जूनियर स्ट्रांग वूमेन का खिताब मानसी रावत को दिया जबकि सब जूनियर बॉयज में हरिओम निषाद मल्ला एवं सब जूनियर गर्ल्स में साधना खोईवाल बेस्ट लिफ्ट रही । प्रतियोगिता के बाद आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल थे।

# ‘एक राष्ट्र : एक चुनाव’ पर प्रस्तुति

**उदयपुर,** । विकसित भारत युवा संसद 2025 ‘एक राष्ट्र : एक चुनाव’ कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में हुआ। प्राचार्य प्रो दीपक माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एक राष्ट्रः एक चुनाव विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त विषय पर युवाओं को 3 मिनट में अपने विचारों की प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया । प्रथम चरण में प्राप्त 704 प्रतिभागियों में से चयनित 150 प्रतिभागियों का फिजिकल राउंड के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता में युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिसमें एक राष्ट्र एक चुनाव की संकल्पना की उपयोगिता, गुण ,दोष एवं चुनाव की राजनीतिक, आर्थिक ,व्यावहारिक पक्षों पर खुलकर अपने विचार प्रस्तुत किए। भारत सरकार के युवा मंत्रालय एवं खेल विभाग द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता के निणार्यक महाराणा प्रताप कृषि एवं अभियांत्रिकी विवि के आचार्य एवं विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद यादव, सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, समाजसेवी सत्यनारायण माहेष्वरी, महाराणा प्रताप कृषि एवं अभियांत्रिकी विवि की वित्त नियंत्रक दर्शना गुप्ता, समाजसेवी श्रीमती रजनी डांगी रहे।

# 4200 मोटर मालिकों को नोटिस जारी

**उदयपुर,** । परिवहन विभाग द्वारा मार्च माह के अंतिम दिवसों में नियमित एवं बकाया कर जमा नहीं करवाने वाले भार वाहनों पर कार्यवाही जारी है। गरुवार को लगभग 4200 मोटर मालिकां को सरकार का बकाया टैक्स जमा नहीं कराने एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन पाये जाने से नोटिस जारी किए हैं। इन वाहनों को जारी परमिट के साथा उनके पंजीयन प्रमाण पत्र भी निरस्त कर दिए जावेंगे।

आरटीओ ज्ञानदेव विष्वकर्मा ने ट्रक, ट्रेलर एवं अन्य भारी माल परिवहन करने वाले उन वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर 24 मार्च को उनके कार्यालय में तलब किया है जिन्होंने अगले साल का टेक्स अभी तक जमा नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को वाहन स्वामियों ने कर जमा नहीं कराने का को उपस्थित कारण नहीं बताया तो एकतरफा निर्णय पारित करते हुए परमिट रद्द कर दिए जावेंगे। उन्होंने बताया कि मोटर मालिकों ने समयावधि में अगले साल का टेक्स जमा नहीं करा कर परमिट की शर्तों का गम्भीर उल्लंघन किया है। अब भी यदि टेक्स जमा नहीं कराया तो परमिट के साथ वाहन के पंजीयन प्रमाण पत्र भी निरस्त कर दिए गए जाएंगे। श्री विष्वकर्मा ने बताया कि गरुवार को बांसवाड़ा में 53, उदयपुर में 26, राजसमंद में 16, डूंगरपुर में 36 तथा सलूम्बर जिले में 8 वाहनों को कर जमा नहीं पाये जाने से सीज़ किया गया है एवं कुल 835 चालान बनाये जाकर 30.46 लाख रुपये की जुर्माना राषि वसूल करके कुल 3 करोड़ 35 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया है।

# एक हजार घोंसले वितरित

**उदयपुर,** । विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर वन विभाग ग्रीन पीपल सोसाइटी, डब्लूडब्लूएफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में फतेहसागर की पाल पर गौरैया संरक्षण एवं विकास के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए आम जनता को संदेश दिया गया।

जगत किंख्वाबवाला अहमदाबाद द्वारा निर्मित 1०हजार०० घोसलो का निशुल्क वितरण कर पक्षियों के संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक एसआर यादव,वन्य जीव प्रतिपादक सुनील छिद्रि , सेवानिवृत संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट,वन विभाग के अधिकारी सुनील सिंह, ग्रीन पीपल समिति के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने गर्मियों के मौसम में आने वाली गौरैया के संरक्षण व संवर्धन का महत्व बताया। इस अवसर पर ग्रीन पीपल समिति के सदस्य यासीन पठान,सुहेल मजबूर, शरद,श्रीवास्तव, एस.के.वशिष्ठ, एस.एन.एन.प्रताप सिंह चुंडावत,अरुण सोनी, आईजी माथुर तथा वन विभाग एवं डब्लू डब्लू एफ का स्टाफ उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि नेचर फॉरएवर द्वारा वर्ष 2010 से निरंतर विश्व स्तर पर गौरैया संरक्षण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग 50 देशों में गौरैया की गिरती संख्या को बचाने के प्रयासों को जन.जन का अभियान बनाया जा चुका है।





